भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1737
जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2021 को दिया जाना है।

डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियां

1737. श्री नरेन्द्र कुमार:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इसके अंतर्गत कितने ग्रामीण अवसंरचनाओं का निर्माण किया है गया है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत देश में कितने गांवों का विद्युतीकरण किया गया है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) : भारत सरकार ने देशभर में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यों हेतु दिसम्बर, 2014 में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) का शुभारंभ किया था। राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत देशभर में सभी आवासित गैर-विद्युतीकृत जनगणना वाले गांव विद्युतीकृत हो गए हैं। कुल मिलाकर, वर्ष 2014-15 से दिनांक 28.04.2018 तक 19,779 गैर-विद्युतीकृत जनगणना वाले गांवों के विद्युतीकरण की सूचना प्राप्त हुई थी। 'डीडीयूजीजेवाई नई परियोजनाएं और अतिरिक्त अवसंरचना' श्रेणी (30 जून, 2021 तक) के अंतर्गत सृजित अवसंरचना के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

क्र.सं.	मदें	
1.	सब-स्टेशन (संवर्धन सहित)	4194
2.	वितरण ट्रांसफार्मर	600679
3.	फीडर पृथक्करण (सीकेएम)	129306
4.	11 केवी लाइनें (सीकेएम)	181558
5.	एलटी लाइनें (सीकेएम)	478197
6.	33 केवी एवं 66 केवी लाइनें (सीकेएम)	22549
7.	उपभोक्ता ऊर्जा मीटर	15430154
8.	वितरण ट्रांसफार्मर मीटर	249186
9.	11 केवी फीडर मीटर	13851

****